भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई-उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
(आई.एस.ओ. 9000:2015 प्रमाणित संस्थान)
डाक घरः पी.ए.यू., लुधियाना-141 004 (पंजाब)

भाकृअनुप
ICAR

भाकृअनुप-सीफेट
ICAR CIPHET

परिपत्र

दिनांक: 20.12.2023

मि. स. 7-10/2023-राजभाषा प्रकोष्ठ

भाकृअनुप-केन्द्रीय कटाई उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीफेट), लुधियाना प्रत्येक तिमाही में राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन करती है एवं राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने के लिए हिंदी के विद्वानों के व्याख्यान द्वारा राजभाषा हिंदी के उपयोग हेतु प्रेरित करती है। इस सन्दर्भ में अक्टूबर से दिसम्बर 2023 तिमाही हिंदी कार्यशाला का आयोजन **दिनांक 22.12.2023 (शुक्रवार) को सभागार-1 में अपराह्न 2:30-5:30 बजे** आयोजित होगी। इस कार्यशाला में आमंत्रित वक्ता के रूप में **डॉ जसप्रीत कौर फलक,** *कवियत्री एवं संस्थापक, कविता कथा कारवां* होंगी। डॉ फलक *'काव्य की रचना प्रक्रिया और उसकी सामाजिक उपयोगिता'* विषय पर व्याख्यान देंगी। कंठस्थ 2.0, राजभाषा संबंधी अद्यतन सूचना, संघ का राजकीय कार्य करने के लिए वार्षिक कार्यक्रम 2023-24 का लक्ष्य, हिंदी वाईस टाइपिंग, हिंदी अनुवाद, हिंदी में उपलब्ध विभिन्न आकर्षक फोंट्स, इत्यादि पर भी चर्चा होगी एवं निदेशक महोदय हिंदी में अपने कार्य अनुभव साझा करेंगे। ***इस सत्र के दौरान आप अपनी स्वरचित अथवा किसी अन्य कवि के कविता का पाठ भी कर सकते हैं।***

अतः आपसे अनुरोध है की आपके **अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ सभी ऐसे कार्मिक (YP/ SRF/contractual सहित) जो किसी भी रूप में हिंदी कार्य से जुड़े हों** द्वारा कार्यशाला में भाग लेना सुनिश्चित करें। अबोहर परिसर के कार्मिक एवं अन्य जो संस्थान से बाहर हों ज़ूम के माध्यम से जुडें। ज़ूम लिंक ICAR ग्रुप ईमेल एवं सीफेट की WhatsApp ग्रुप पर साझा की जायेगी।

यह परिपत्र निदेशक महोदय के अनुमोदन से प्रेषित किया जा रहा है।

विकास कुमार

विकास कुमार
वैज्ञानिक एवं प्रभारी, राजभाषा प्रकोष्ठ

सलग्न: यथोपरि

वितरणः
1.सभी परियोजना समन्वयक, कार्यकारी प्रभागाध्यक्ष एवं प्रभारी अनुभाग, भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना एवं अबोहर
2. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना
3.वित्त एवं लेखा अधिकारी, भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना
4.नोडल ऑफिसर, संस्थान गतिविधि रिकॉर्ड, भाकृअनुप-सीफेट, लुधियाना (ई. सुनीता थोंगम)
5. निदेशक के निजी सचिव
6.सूचना पटट्